卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 147 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦6 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# उजाड़े गये व्यापारियों का शीघ्र होगा पुनर्वास:धामी

## सीएम धामी ने नजूल भूमि पर मालिकाना हक के पट्टे और प्रधानमंत्री आवास के स्वामित्र पत्र वितरित किये

रूद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया साथ ही कार्यक्रम में नजूल भूमि पर मालिकाना







हक के पट्टे वितरित किये और कई लोगों को किफायती आवास आवंटित किये। कार्यक्रम में पहुंचने पर सीएम धामी एवं केन्द्रीय मंत्री पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीएम धामी ने रूद्रपुर में सड़क चौड़ीकरण में उजाडे गये व्यापारियों को शीघ्र पुनर्वासित करने का ऐलान भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज आखिरकार लम्बे समय बाद वो दिन आ गया जब सपनों का आशियाना और पट्टा मिल रहा है। आजादी के बाद यह पहला मौका है जब नजूल भूमि पर मालिकाना हक का पट्टा मिल रहा है। इसके लिए इतना संघर्ष किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए लगातार आवाज उठाई। उतनी ही मेहनत सरकार ने भी उतनी ही मेहनत की और उसमें कहीं कमी नहीं छोड़ी। जब हाईकोर्ट ने जब नजूल नीति को खारिज कर दिया था, जो लोग नजूल में बसे हुए थे उन्हें हटाने का आदेश दिया था। तब इस मुद्दे को सरकार सुप्रीम कोर्ट लेकर गये थे। सरकार ने सबके हक की लड़ाई लड़ी थी, परिणाम यह हुआ कि हमें जीत हासिल हुई। सुप्रीम कोर्ट ने हमारा निवेदन स्वीकार किया, इसमें सभी का आशीर्वाद हमारे साथ था। जब हम सुप्रीम कोर्ट में जीत गये तो हमने तय किया कि हम इसमें एक्ट लेकर आयेंगे। जिसके बाद विधानसभा में नीति बनाई, तब जाकर आज यह आनंद का दिन आया है। हमने जो वायदा किया था आज वह पूरा हुआ है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि पट्टा लेने के लिए आपको दफ्तरों के चक्कर ना काटने पड़े। इसलिए सुनिश्चित किया कि बस्तियों में ही कैंप लगाये जायें। जिला प्रशासन और नगर निगम के लोग खुद चलकर घरों तक पहुंचे और जरूरी औपचारिकतायें थी वह पूरे कराये। इस प्रक्रिया में जिनको भी लाभ मिला है उनका एक भी रूपया खर्च नहीं होने दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी जी का जो संकल्प है कि अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए उसकी संकल्प के अनुरूप प्रदेश की सरकार काम कर रही है। सीएम धामी ने कहा कि गरीबी और अभावों को उन्होंने खुद नजदीक से देखा है। इसीलिए उनका प्रयास है कि जनता को समस्याओं से जूझना ना पड़े। पहले चरण में 2600 लोगों को पट्टे मिले हैं जो बाकी बचे हैं उन्हें भी जल्द से जल्द पट्टे दिये जायेंगे। सीएम धामी ने कहा कि जो भी हमने संकल्प और वायदे के रूप में जनता के सामने रखा है उन्हें हरसंभव पूरा करने का प्रयास किया हैं प्रधानमंत्री का जो मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास उसी के तहत एक समान नीति के तहत योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार वंचितों शोषितों गरीबों की समृद्धि के लिए लगातार काम कर रही है। आज सरकार खुद जनता के पास पहुंचकर समस्याओं का निराकरण (शेष पृष्ठ सात पर)

## 56704.93 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

रूद्रपुर। सीएम धामी ने गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में जिले भर के कुल 56704.93 लाख लागत के 222 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें जसपुर विधानसभा अंतर्गत 141104 लाख लागत के 31 विकास कार्य, काशीपुर में 7498.97 लाख के 13, बाजपुर में 3077.88लाख के 21, गदरपुर में 2532.03लाख के 19, रूद्रपुर में 20296.92 लाख के 23, किच्छा में 3404.52लाख लागत के 25, सितारगंज में 6866.68लाख के 22, नानकमत्ता में 5558.49 लाख के 36 और खटीमा विधानसभा में 6058.40 लाख लागत के 32 विकास कार्यों सहित कुल 56704.93 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

## निवर्तमान मेयर और पार्षदों जताया आभार

रूद्रपुर। नजूल भूमि पर गरीबों को मालिकाना हक दिलाये जाने पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह की अगुवाई में निवर्तमान पार्षदों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान



रामपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की मजबूत इच्छा शक्ति ओर उनकी विकास परक सोच से ही नजूल भूमि पर गरीबों को मालिकाना हक मिल पाया है। इसकी आशदशकों से थी। उन्होंने कहा कि आज का दिन रूद्रपुर के लिए ऐतिहासिक दिन है।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मोदी का सुना संवाद

रूद्रपुर। सीएम पुष्कर सिंह धामी का पुलिस लाइन में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पुलिस लाइन स्थित पहुंचे। इस दौरान सीएम धामी कार्यकर्ताओं से मिले। इसके बाद सीएम पुलिस लाइन के ऑडिटोरियम में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल हुए और पीएम नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना। इसके बाद सीएम धामी गांधी मैदान में पहुंचे।

## सिख समाज ने सीएम को किया सम्मानित

रूद्रपुर। लालकुंआ से अमृतसर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की वर्षो पुरानी मांग पूरी होने पर सिख समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को



मंच पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। स्वागत करने वालों में सुरमुख सिंह विर्क, किरन विर्क, मंजीत सिंह मक्कड़, हरविंदर सिंह, परविंदर सिंह, पवनजीत सिंह, अमनदीप सिंह समेत तमाम लोग थे।

## मुख्यमंत्री धामी ने लाभार्थियों से किया संवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम के दौरान नि:शुल्क पट्टे प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से संवाद भी किया। सबसे पहले श्री धामी ने शिवनगर की मेघना से संवाद करते हुये पूछा कि अब आपको मकान बनाने में कोई दिक्कत तो नही होगी? आपको पट्टा प्राप्त करके कैसा लग रहा है? जिस पर मेघना ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुये कहा कि अब उनके आर्शीवाद से उनका अपना प्लाट और मकान होगा। श्री धामी ने इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले रविन्द्र नगर निवासी वीरेन्द्र तिवारी से भी संवाद किया। तिवारी ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुये अपनी खुशी जाहिर की गई।

## यूसीसी कानून लाने पर मुस्लिम समाज की महिलाओं ने सीएम का किया स्वागत

रूद्रपुर। गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की महिलाओं ने भी सीएम का स्वागत करते हुए यूसीसी कानून लाने पर आभार व्यक्त किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश मंत्री फरजाना बेगम के नेतृत्व में आई मुस्लिम समाज



की महिलाओं ने सीएम को गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि धामी सरकार में मुस्लिम समाज की महिलाओं का सम्मान बढ़ा है।इस दौरान शाहाना, गुडिया, शाहिन, रूखसाना, अंजुम, अनिस जहां,भूरी,शमीम,रेशमा, महमूदी, अफसरी, शकीला समेत कई मुस्लिम महिलाएं थी।

## पुष्प वर्षा के साथ हुआ जोरदार स्वागत

रूद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आज गांधी पार्क पहुंचने पर पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कार से उतरने के बाद गांधी पार्क में बने मंच तक बनी गैलरी को फूलों से सुसज्जित किया गया था। श्री धामी के गैलरी से गुजरने



पर वहां दोनों तरफ मौजूद महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा करते हुये पारंपरिक ढंग से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्कर सिंह धामी जिन्दाबाद,नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद के जमकर नारे लगाये गये थे। श्री धामी भव्य स्वागत से गद्गद् नजर आये और उन्होंने हाथ जोड़कर सभी का शालीनता के साथ अभिवादन स्वीकार किया।

## देहरादून से अयोध्या और अमृतसर के लिए फ्लाईट शुरू

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जौलीग्रांट से देहरादून-अयोध्या और देहरादून-अमृतसर फ्लाइट का शुभारंभ किया। फ्लाइट का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन फ्लाइट के शुभारंभ होने से तीर्थ यात्रियों व अन्य लोगों को अयोध्या, अमृतसर की आसानी से आवाजाही में मदद मिलेगी। कहा कि इसके अलावा पंतनगर से वाराणसी के लिए भी फ्लाइट शुरू की जा रही है। जिससे गढ़वाल (शेष पृष्ठ सात पर)





## विभिन्न संगठनों ने सीएम को सौंपे ज्ञापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सीएम धामी को विभिन्न संगठनों ने ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। राम मनोहर लोहिया मार्केट से उजाड़े गये दुकानदारों ने सीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा कि दुकानें उजाड़े जाने के बाद उनके सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है, जिसके चलते भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में 33 विकास योजनाओं के लिए केंद्र से 559 करोड़ मंजूर

## सीएम धामी ने जताया आभार: देहरादून शहर में सौंग बांध परियोजना और हल्द्वानी में सीवरेज स्कीम समेत 33 विकास योजनाओं के लिए धनराशि जारी

देहरादून। केंद्र सरकार ने राज्य में कैम्पटी फॉल में टनल पार्किंग, हरबर्टपुर में आईएसबीटी, किच्छा में बस स्टैंड, देहरादून शहर में सौंग बांध परियोजना और हल्द्वानी में सीवरेज स्कीम समेत 33 विकास योजनाओं के लिए 559 करोड़ रुपये जारी किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने अवस्थापना विकास से जुड़ी इन सभी योजनाओं के प्रस्तावों को शीघ्र मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार ने अनुरोध किया था। इस संबंध में उन्होंने पत्र भी लिखा था। सीएम ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा जारी धनराशि से राज्य के अवस्थापना विकास को मजबूती मिली। कहा, राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को विशेष ऋण सहायता योजना के तहत 748.71 करोड़ रुपये के 45 प्रस्ताव भेजे थे। इनमें 559 करोड़ रुपये के 33 विकास प्रस्तावों को पहले चरण में मंजूरी मिल गई है। इनमें 18 योजनाएं नई हैं। बाकी पहले से



संचालित योजनाओं के लिए धनराशि जारी हुई है। पिथौरागढ़ के कृष्णापुरी वार्ड में पार्किंग 8.17 करोड़, कैम्पटी फॉल में टनल पार्किंग के लिए 26 करोड़, रुड़की में ऑटोमेटेड पार्किंग के लिए सात करोड़, पिथौरागढ़ के लक्ष्मी नारायण व हाटकाली मंदिर में कार पार्किंग के लिए छह करोड़, हल्द्वानी में उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के लिए 20 करोड़, नैनीताल में डेयरी प्लांट के नए ब्लॉक के लिए पांच करोड़, देहरादून के चमन विहार में सीवरेज स्कीम के लिए पांच करोड़, हल्द्वानी-काठगोदाम पेयजल आपूर्ति के लिए 10 करोड़, हल्द्वानी-काठगोदाम की दो सीवरेज स्कीमों के लिए 10 करोड़, सभी जिलों में पुलिस फोर्स के लिए प्रोक्योरमेंट के लिए 20 करोड़, यूएसनगर, हरिद्वार और देहरादून में पुलिस कर्मचारियों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड़, देहरादून में टाइप तीन के 36 आवास का निर्माण सात करोड़, सभी जिलों में राजस्व पुलिस के साजो सामान के लिए पांच करोड़, हल्द्वानी स्थित हलदूचौड़ डिग्री कॉलेज में, राजकीय महाविद्यालय त्यूनी में बालिका छात्रावास में पुस्तकालयों और बहुउद्देश्यीय भवनों के निर्माण के लिए छह करोड़, कुमाऊं विवि में लेक्चर हॉल बनाने के लिए 5.02 करोड़, सौंग बांध बहुउद्देश्यीय परियोजना के लिए 88 करोड़, हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है।

# मॉडल स्टेट के रूप में विकसित हो रहा उत्तराखंड : सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने किया 11 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर रोड स्थित होटल में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग किया। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप हमारे ब्रांड एंबेसडर ही नहीं, बल्कि उससे भी बढ़कर की भूमिका आप लोगों ने निभाई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ ही उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आज ग्राउण्डिंग सेरेमनी के तहत 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिंग की जा रही है, इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा चुकी है। प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है। यह ग्राउण्डिंग हमारे द्वारा सम्पादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, जो हमने महज 3 माह में प्राप्त किया है। इसे हम शत-प्रतिशत करेंगे। हमने इन्वेस्टर समिट के दौरान जो सपने देखे थे, वे सपने अब धीरे-धीरे धरातल पर उतरने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत हुए 3.56 लाख करोड़ के एमओयू को इसी तरह समय-समय पर धरातल पर उतारने का काम आप सभी के सहयोग से किया जाएगा। हमारा प्रयास उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के साथ ही एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित करने का संकल्प है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर,




सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी, उद्योग समूहों के प्रतिनिधि, उद्योगपतिगण सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सीएम ने किया 3.58 करोड़ की धनराशि का डिजिटल हस्तांतरण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की नंदा गौरा योजना के अंतर्गत एक लाख लाभार्थी बालिकाओं को पी.एफ.एम.एस के माध्यम से 358.3 करोड़ व मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के अंतर्गत कुल 3.58 करोड़ की धनराशि का डिजिटल हस्तांतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही अनाथ बच्चों के देखभाल की राह आसान हुई है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को प्रोत्साहन मिलने से स्नातक स्तर पर उनके प्रवेश के ग्राफ में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में नंदा देवी कन्या योजना के अंतर्गत वर्ष 2008-09 से 2016-17 तक योजना से वंचित रहने वाली 32,361 जन्म वाली बालिकाओं को घ15,000 की दर से लाभ दिए जाने की घोषणा उनके द्वारा विधानसभा में की गई थी, जिसकी भी पूर्ति आज हुई है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर.के.सुधंशु, अपर सचिव एवं निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास श्री प्रशांत आर्य के साथ ही अन्य विभागीय एवं संबंधित बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

# पुरोला को नगर पालिका बनाने की घोषणा

उत्तरकाशी/ देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रामलीला मैदान, बड़कोट उत्तरकाशी में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर पंचायत पुरोला को नगर पालिका परिषद पुरोला बनाए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को सामग्री, चेक एवं कृषि उत्पादन संगठन जखोल को खेती बागवानी के काम में आने वाले ड्रोन केन्द्र के संचालन हेतु दस लाख रूपये का ड्रोन प्रदान किया।



मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी योजना, ईजा-बोई शगुन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को देय अनुदान व योजना राशि के चेक वितरित किए एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, नि:शुल्क खाद्यान्न, नि:शुल्क इलाज, किसानों के विकास, गरीबों के आवास, सीमाओं की सुरक्षा, प्रत्येक नागरिक को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा ऑल वेदर रोड के माध्यम से चार धाम यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने का कार्य हुआ है। राज्य सरकार ने कड़ा नकल विरोधी कानून लाकर नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने का काम किया है। उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता विधेयक पास किया है।

# बलूनी और त्रिवेंद्र को मिल सकता है सरप्राईज!

## पौड़ी गढ़वाल और हरिद्वार लोकसभा सीट से निशंक और तीरथ के नाम पर भाजपा का दिल्ली में मंथन जारी

देहरादून। उत्तराखंड में आगामी लोकसभा के चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के तीन कैंडिडेट घोषित कर विपक्षी दलों के समक्ष मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर चुकी है। हांलाकि अब सियासी मैदान में सबसे हाट सीट हरिद्वार पर सबकी निगाहे टिी हुई है। गढ़वाल और हरिद्वार लोकसभा सीट पर भाजपा का तुरुप का इक्का कौन होगा, इस बारे में नई दिल्ली में मंथन का दौर जारी है। दोनों सीटों को लेकर भाजपा के भीतर कश्मकश की स्थिति बताई जा रही है। गढ़वाल सीट पर तीरथ सिंह रावत सांसद हैं। 2019 में जब पार्टी ने उन्हें इस सीट पर प्रत्याशी बनाया था, तब उन्हें जनरल बीसी खंडूड़ी के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर पेश किया गया था। सांसद रहते हुए तीरथ को एक बार राज्य का मुख्यमंत्री बनने का अवसर भी मिला। मगर जिस चौंकाने



वाले अंदाज में वह सीएम बनें, उसी अंदाज में उनकी सीएम पद से विदाई हो गई। माला, अजय भट्ट और अजय टम्टा की तरह तीरथ भी अपना टिकट बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन टिकट रोक कर केंद्रीय नेतृत्व ने संकेत साफ कर दिए हैं कि वह दूसरे विकल्प पर मंथन कर रहा है। इस सीट पर भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। हालांकि अब त्रिवेंद्र सिंह रावत का नाम भी गढ़वाल सीट पर तेजी से उछला है। त्रिवेंद्र की हरिद्वार और गढ़वाल दोनों सीटों से दावेदारी है। ऐसी स्थिति में केंद्रीय नेतृत्व को सही उम्मीदवार तलाशने के लिए कुछ और फीडबैक जुटाना पड़ रहा है। पार्टी के भीतर ही एक खेमा पांचों सीटों पर सभी सांसदों को उम्मीदवार बनाए जाने की वकालत कर रहा है। लेकिन दूसरी पांत में शामिल नेताओं का एक बड़ा वर्ग चाहता है कि पार्टी नए चेहरों पर दांव लगाए।हरिद्वार लोस सीट पर खांटी राजनीतिज्ञ डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक सांसद हैं। माना जा रहा है कि तीरथ और डॉ. निशंक भी अपनी उम्मीदवारी को लेकर चुप नहीं बैठे हैं और अपने-अपने राजनीतिक संबंधों के जरिये प्रयास कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब सबकी निगाहें केंद्रीय नेतृत्व पर लगी है। पार्टी सूत्रोंका कहना है कि छह फरवरी को पार्टी दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है।

# लोगों के फेसबुक अकाउंट हो गए लॉगआउट,एक घंटा रहे परेशान!

देहरादून। मेटा की सोशल मीडिया सेवा मंगलवार रात को डाउन हो गई। रात नौ बजे से करीब एक घंटा मेटा सर्विस डाउन रही। फेसबुक के साथ इंस्टाग्राम भी बाधित रहा। लोगों के फेसबुक अकाउंट ऑटोमैटिक लॉगआउट हो गए। वहीं इंस्टाग्राम के कई फीचर्स प्रभावित रहे। हालांकि व्हाट्सएप पर कोई असर नहीं पड़ा। फेसबुक, इंस्टाग्राम के बंद होने की लोग परेशान हो गए। तकनीकी दिक्कत से परेशान कई लोगों ने फेसबुक में अपना पासवर्ड भी बदलने की कोशिश की लेकिन फेसबुक ने काम नहीं किया। 10 बजे के बाद मेटा सर्विस चालू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। रात को साढ़े नौ बजे के बाद से फेसबुक और इंस्टाग्राम दोनों ने ही काम नहीं किया। फेसबुक में नया पासवर्ड डालने की कोशिश की लेकिन वो भी नहीं हुआ। 10 बजे के बाद स्थिति सामान्य हुई। कई यूजरों का कहना है कि मंगलवार रात को व्हाट्सएप को छोड़कर फेसबुक और इंस्टा ने काम करना बंद कर दिया। मैंने सोचा कि एकाउंट में खराबी आ गई है। इस वजह से शायद परेशानी हो रही है। काफी कोशिश के बाद 10 बजे के बाद से सर्विस फिर से चालू हुई। फेसबुक का अकाउंट अचानक लॉगआउट हो गया। कई बार लॉग इन करने की कोशिश की मगर फिर भी फेसबुक पर लॉग इन नहीं हो पाया। इंटरनेट पर सर्च किया तो पता लगा कि मेटा की सर्विस बाधित हो गई है जिसके कारण फेसबुक और इंस्टा नहीं चल रहा है।

# उत्तराखंड कांग्रेस में भी तेज हुई प्रत्याशियों के लिए लॉबिंग

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा: अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से लड़ें यशपाल,प्रदीप टम्टा स्वाभाविक दावेदार

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने कहा कि



अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से मेरी इच्छा है कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य चुनाव लड़ें। उनके न लड़ने की स्थिति में प्रदीप टम्टा एक स्वाभाविक दावेदार हैं। हांलाकि उनके इस पोस्ट को लेकर कई मायने भी निकाले जा रहे है। पूर्व सीएम हरीश रावत की सीट को लेकर भी चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। भाजपा ने जहां अपने तीन लोकसभा सीटों से प्रत्याशियों का ऐलान कर दिग्गज नेताओं को दाबोरा सियासी मैदान में उतार दिया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी तीन तीन नामों का पैनल हाईकमान को भेजेगी। जिसके बाद उम्मीदवारों की लिस्ट जारी हो सकती है। हरीश रावत ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, चुनाव में इस बार की चुनौती और कठिन है। इसे लेकर मैंने चुनाव प्रबंधन को लेकर चिंता व्यक्त की थी। उस पर मैं अब भी कायम हूं। मुझे उसकी याद दिलाने की किसी को भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कांग्रेस पार्टी पांचों लोकसभा संसदीय सीटों पर अच्छा चुनाव लड़ें और जीते। मेरा एक मासूम सा कथन राजनीतिक प्रतिक्रिया और मीडिया की टिप्पणी का कारक बन गया है। आज का लोकसभा चुनाव अत्यधिक कठिन और असाधारण परिस्थितियों में हो रहा है, बल्कि 2002 का जो पहला चुनाव उत्तराखंड का हुआ था या 2007 का चुनाव जिसमें जनरल ने ही चुनाव लड़ने से और चुनाव प्रक्रिया का नेतृत्व करने से इनकार कर दिया था, उससे भी ज्यादा गंभीर स्थिति में यह चुनाव हो रहा है। यूं 2012 के चुनाव में भी चुनाव प्रबंधन में जो चुनाव प्रचार का काम था उसको मैंने संभाला था। 2014 के लोकसभा चुनाव में हमको राज्य और केंद्र की दोनों एंटी इनकंबेंसीज का सामना करना पड़ा था, उसके बावजूद भी चुनाव प्रबंधन के चलते टक्कर अच्छी हुई थी। 2019 में तत्कालीन अध्यक्ष की अपने चुनाव में व्यस्तता और सीएलपी लीडर की शारीरिक असमर्थता के कारण चुनाव प्रबंधन और चुनाव प्रचार प्रबंधन अच्छा नहीं हो पाया, मैं भी अपने चुनाव में फंसा रह गया और प्रबंधन के अभाव में हमारा वोट बैंक बहुत घट गया। 2017 में हम असाधारण मोदी लहर में अपना वोट बैंक बचाने में सफल रहे, उसका कारण चुनाव प्रबंधन था। 2022 में भी मेरा मानना है कि यदि मैं चुनाव नहीं लड़ता या गणेश गोदियाल जी नहीं लड़ते तो स्थिति में अंतर आता। मगर इस बार की चुनौती और कठिनतर है, इसलिये मैंने चुनाव प्रबंधन को लेकर चिंता व्यक्त की है, उस पर मैं अब भी कायम हूं। अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से मेरा ईच्छा है कि श्री यशपाल आर्या जी चुनाव लड़ें, उनके न लड़ने की स्थिति में श्री प्रदीप टम्टा एक स्वाभाविक दावेदार हैं, दोनों की विजय के लिए काम करना मेरा धर्म है। मुझे उसकी याद दिलाने की किसी को भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यूं भी क्रिकेट की भाषा में कोच और कप्तान को ही फ्रंट से नेतृत्व कर उदाहरण प्रस्तुत करना होता है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# सरकारी अस्पताल में दो गुटों में खूनी संघर्ष

सितारगंज (उद संवाददाता)। उप जिला चिकित्सालय में इलाज कराने आए दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। हमलावरों ने अस्पताल परिसर में जमकर अराजकता फैला दी। इमरजेंसी रजिस्टर, फर्श खून से सराबोर हो गया। अस्पताल के डॉक्टर, वार्ड बॉय अन्य भर्ती मरीजों ने कमरों में छिपकर हमलावरों से अपनी जान बचाई। ड्यूटी में तैनात चिकित्सक ने अस्पताल परिसर में स्टाफ, भर्ती मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर रोष प्रकट करते हुए पुलिस को हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। नानकमत्ता के ग्राम टुकड़ी निवासी सरबजीत सिंह, जगदेव सिंह, मंजीत कौर का पड़ोसियों से भूमि विवाद चल रहा है। मंगलवार को पड़ोसियों के घर में विवाह समारोह था। जिसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि हमलावर दोबारा अन्य साथियों के साथ घर में घुस गए। आरोपितों ने मारपीट शुरु कर दी। हमले में सरबजीत सिंह, जगदेव सिंह, मंजीत कौर को चोटें लगी। वहीं दूसरे पक्ष के सुखविंदर सिंह भी हमले में घायल हुआ। मामले की सूचना



सरबजीत ने पुलिस को दी। जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग इलाज कराने के लिए सितारगंज के उप जिला चिकित्सालय पहुंच गए। यहां पूर्व से ही इमरजैंसी मेडिकल ऑफीसर डा. लक्ष्मण सिंह बृजवाल सुखविंदर का उपचार कर रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के घायल सरबजीत भी अस्पताल पहुंच गए। यहां दोनों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ। इमरजैंसी रुम में मारपीट के दौरान चिकित्सक, वार्डवाय को जान बचाने के लिए कमरे में छिपना पड़ा। हमले में दोनों पक्षों के गंभीर चोट लगी है। अस्पताल में मारपीट अराजकता की घटना से नाराज डॉक्टर, स्टाफ के साथ कोतवाली पहुंचे। ड्यूटी में तैनात डॉक्टर लक्ष्मण सिंह बृजवाल ने अस्पताल में अराजकता, बदसलूकी करने वाले हमलावरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ का आरोप है कि उप जिला अस्पताल में सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। आए दिन अस्पताल परिसर में इलाज कराने के दौरान मारपीट, तोड़फोड़ की घटनाएं घटित हो रही है। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने के साथ ही डॉक्टर और स्टाफ में खुद की सुरक्षा को लेकर दहशत फैली है। डॉक्टर ने प्रशासन से उप जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पीआरडी जवानों को तैनात करने की मांग की। इसके साथ ही चेतावनी दी की जल्द ही अस्पताल परिसर में डॉक्टर और स्टाफ की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नहीं होने पर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं बाधित कर दी जायेंगी। रोज जताने वालों में डॉक्टर लक्ष्मण सिंह बृजवाल, डॉ अतुल कुमार, डॉ संजय कूट, डॉक्टर रविंद्र सिंह, मयंक नैनवाल, सुरेश सिंह आदि मौजूद थे। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# महिला मोर्चा ने निकाली निकाली स्कूटी रैली

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के विभिन्न संगठनों द्वारा महिलाओं के हित के लिए महतारी मातृ वंदन योजना लागू होने के उपलक्ष में आयोजित स्कूटी रैली में प्रतिभाग करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी प्रचार प्रसार किया। स्कूटी रैली सकैनिया मोड एवं मुख्य बाजार से होते हुए दिनेशपुर मोड पर संपन्न हुई।भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष ज्योति अरोड़ा ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को सम्मान देने का जो संकल्प लिया है ,उससे लाखों महिलाओं को महतारी मातृ वंदन योजना का लाभ मिलेगा उन्होंने पात्र महिलाओं को योजना से लाभान्वित होने पर शुभकामनाएं प्रदान की। स्कूटी रैली में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, सुरेश खुराना सहित मातृशक्ति द्वारा सहभागिता की गई। वहीं भारी संख्या में पहुंची महिलाओं ने भाजपा सरकार योजनाओं से लांभन्वित लोगों से समर्थन देने की अपील की।



# ट्रैकिंग क्षेत्र में ट्रैकरों का पंजीकरण और प्रशिक्षण आवश्यक : सीएस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव राधा रतुड़ी की अध्यक्षता में उच्च हिमालयी क्षेत्र में ट्रेकिंग को नियंत्रित किये जाने हेतु राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई मानक प्रचालन कार्यविधि (एसओपी) के सम्बन्ध में वीसी के माध्यम से बैठक की गई। कैम्प कार्यालय हल्द्वानी से आयुक्त दीपक रावत ने वीसी में प्रतिभाग किया। मुख्य सचिव ने कहा कि ट्रैकिंग क्षेत्र में ट्रैकरों का पंजीकरण अनिवार्य होना चाहिए, ट्रैकिंग संस्था के सदस्यों को नियमित रूप से प्रशिक्षण देने के साथ ही ट्रैकरों के पास जीपीएस सिस्टम, मेडिकल परीक्षण, उपकरण आदि भी होने आवश्यक है साथ ही पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ट्रैकरों का पूर्ण डाटा उपलब्ध नही हैं। उन्होंने कहा कि जो एसओपी बनाई जा रही है सभी के सुझाव लिये जाएं। आयुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं मण्डल के ट्रैकरों, ट्रेवल्स एजेंसियों से कहा वे एसओपी के सम्बन्ध में अपने सुझाव आयुक्त कार्यालय हल्द्वानी अथवा नैनीताल मे दे सकते हैं या आयुक्त मेल आईडी में भी सुझाव दे सकते हैं।

# प्राधिकरण को फ्लैट्स मैदान का शीघ्र सौंदर्यीकरण कार्य करने के दिए निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। फ्लैट्स मैदान, नैनीताल हमेशा से ही नैनीताल में आकर्षण का केंद्र रहा है। जहां वर्ष भर विभिन्न प्रकार के समारोह, खेलकूद प्रतियोगिताएं आदि अन्य प्रकार की तमाम गतिविधियों का आयोजन होता रहता है। जिसके सौन्दर्यीकरण और सुधारीकरण का कार्य जिला विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा फ्लैट्स मैदान के सौंदर्यीकरण और सुधारीकरण की टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय, हल्द्वानी में प्राधिकरण बोर्ड के अधिकारियों के साथ फ्लैट्स मैदान में सौन्दर्यीकरण और सुधारीकरण के लिए होने वाले कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और प्राधिकरण द्वारा दिए गए प्रेजेंटेशन का भी भली-भांति अध्ययन किया। आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा फ्लैट्स मैदान, नैनीताल में टॉयलेट, पानी निकासी के लिए नाली व पार्किंग, सीटिंग,रेलिंग, लाइटिंग, संपर्क मार्ग चौड़ीकरण, बॉक्सिंग रिंग आदि अन्य प्रकार की व्यवस्थाओं आदि को सुधारने संबंधित कार्य किए जाने हैं। बैठक में दीपक रावत ने प्राधिकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि फ्लैट्स मैदान का शीघ्र ही सौंदर्यीकरण और सुधारीकरण संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा। इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर ड्रग तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक तस्कर को 15 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक एएनटीएफ के जिला प्रभारी रविंद्र राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने निहारिका बैंकट हॉल के पास दूसरी गली से चैकिंग के दौरान स्मैक तस्कर सुशील कुमार त्यागी उर्फ बबलू पुत्र राम दत्त निवासी दमुआढुंगा को 15 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ थाना मुखानी में 8/21एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। टीम में उपनिरीक्षक दीवान सिंह ग्वाल , हेड कांस्टेबल उमेश जोशी, कांस्टेबल अरविंद कार्की, नवीन कुमार आदि भी शामिल थे।



# हाथी के हमले में घायल युवक की मौत

ऋषिकेश। ऋषिकेश में थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्र में हिल बाईपास मार्ग पर मोनी बाबा तिराहे के समीप मंगलवार तड़के हाथी ने मैक्स वाहन पर हमला कर दिया, जिससे चालक घायल हो गया। बिजनौर निवासी चालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना लक्ष्मण झूला प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया, मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे मोनी बाबा तिराहे के पास हाथी ने मैक्स वाहन पर हमला कर दिया, जिससे चालक घायल हो गया। चालक को स्थानीय लोगों की मदद से एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया, यूपी के बिजनौर के पायल कॉलोनी निवासी सतेंद्र उर्फ सोनू नीलकंठ महादेव की ओर सवारियों को छोड़ने जा रहा था, लेकिन मोनी बाबा तिराहे के पास हाथी ने वाहन पर हमला कर दिया था। बताया, चालक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# नजूल भूमि पर मालिकाना हक रूद्रपुर के लिए सबसे बड़ी सौगात: रामपाल सिंह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि जनता से किया गया उनका वायदा पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 6 मार्च को ढाई हजार गरीब परिवारों को मालिकाना हक की सौगात देंगे। यह रूद्रपुर की गरीब परिवारों के लिए सबसे बड़ी सौगात है। रामपाल सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से वायदा किया था कि जब तक नजूल की समस्या का हल नहीं होने तक वह मेयर की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। दशकों पुरानी इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने अपने स्तर से कोई कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ लगातार पत्राचार किया। जिसके बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी की गरीब जरूरतमंदों के कल्याण की सोच से ही यह संभव हो पाया। सरकार द्वारा नजूल नीति का



सरलीकरण किये जाने के बाद से ही नगर निगम की ओर से 50 वर्ग मीटर तक के भूखंडों पर मालिकाना हक के लिए बकायदा घर घर जाकर फाईलें तैयार कराई गयी। पत्रावलियां तैयार करने के लिए विभिन्न बस्तियों में कैम्प लगाये गये और सभी सुविधायें पात्रों को उनके घर के पास ही दी गयी। पत्रावलियां तैयार करने का काम पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से किया गया। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि स्वर्गीय सुभाष चतुर्वेदी ने नजूल पर बसे लोगों को मलिकाना हक दिलाने के लिए बरसों से संघर्ष किया और बस्तियों में निवासरत गरीबों की लड़ाई को लड़ा जिसका परिणाम है की अब गांधी पार्क में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम में सभी को फ्री होल्ड प्रपत्र वितरित किये जायेंगे। नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक मिलना सुभाष चतुर्वेदी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# सीएम धामी का एक और वादा हुआ पूराः शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रूद्रपुरवासियों के लिए किया गया एक और वायदा पूरा हो गया है। इस पर उन्होंने सीएम धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नजूल भूमि पर मालिकाना हक मिलना शहर के लिए बहुत बड़ी सौगात है। जारी बयान में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि सीएम धामी ने एक के बाद एक ऐतिहासिक फैसले लेकर जनता के बीच अलग छाप छोड़ी है। सीएम धामी ने एक बार फिर साबित किया है कि वह सिर्फ घोषणाएं नहीं करते बल्कि घोषणाओं को पूरा भी करते हैं। मुख्यमंत्री की विकास परक सोच और मजबूत इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि आज रूद्रपुर में 2600 गरीबों को निःशुल्क मालिकाना हक मिल गया है। यह रूद्रपुर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। पिछले कई दशकों से रूद्रपुर की जनता नजूल भूमि पर मालिकाना हक की आश लगाए बैठी थी। सीएम धामी ने इस



गंभीर मुद्दे पर त्वरित फैसला लेकर नजूल नीति का न सिर्फ सरलीकरण किया बल्कि गरीबों को निःशुल्क मालिकाना हक देने का भी ऐतिहासिक फैसला लिया। श्री शर्मा ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वह खुद भी लगातार सीएम धामी के संपक में थे। उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से इस मसले पर लम्बी बातचीत की थी। विधायक और मेयर भी इस समस्या को अपने स्तर से निरंतर उठा रहे थे। जिसके परिणाम स्वरूप नजूल नीति का सरलीकरण हुआ और आज 2600 गरीबों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक की सौगात मिली है। यह रूद्रपुर शहर के लिए ऐतिहासिक दिन है। भाजपा सरकार में हर वायदा पूरा होता है। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर कोई संदेह नहीं होता। उसी तरह सीएम पुष्कर सिंह धामी भी जनता से किया गया हर वायदा पूरा कर रहे हैं। सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। जिसका लाभ आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा और पार्टी पांचों लोकसभा सीटोंपर अपना परचम लहरायेगी।





# ओम बापू मंदिर से निकाली भव्य शोभा यात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। पूज्यपाद संत श्री बापू कल्याण दास जी महाराज परम पूज्यनीय संत श्री बापू ज्वाला सिंह जी महाराज जी की अपीम कृपा व ब्रहम्मलीन महामंडलेश्वर संत श्री सुभाष बापू जी महाराज जी के शुभ आशीर्वाद से परम पूज्यनीय गुरु माँ मिथलेश जी के पावन सानिध्य में संत कल्याण दास जी महाराज की स्मृति में चल रहे 37वें महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के अवसर नगर में ध्वजारोहण व विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा बापू जी मंदिर से प्रारम्भ हुई जो अनाज मंडी, गूलरभोज रोड, मुख्य बाजार से होते हुये प्रारम्भ स्थल मन्दिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में गुरु माँ मिथलेश जी के अलावा दिल्ली, नंदाचौर, रिठौरा से आए महापुरुष शामिल थे। श्रद्धालु महिला व पुरुष संकीर्तन के साथ साथ चल रहे थे। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह–जगह पर जोरदार स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में जमकर आतिबाजी भी की गई। इस मौके पर समिति अध्यक्ष बंशीधर गुम्बर, महामंत्री सतीश बत्रा, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, कृष्ण लाल सुधा,संजीव झाम, सोमनाथ छाबड़ा, दीपक बेहड़, संदीप चावला, राहुल अनेजा, सुरेन्द्र छाबड़ा, मदन गुंबर, सतीश दुआ, हंसराज गुंबर, टीकम खेड़ा, सतीश अनेजा, केवल नारंग, सतीश अनेजा, पंडित मनोज कुमार,गुलशन मुरादिया, चंद्र छाबड़ा,विजय सुखीजा, केवल नारंग, विजय सुखीजा, हरबंस कालड़ा, विपिन रेहलन, केवल दुआ, देव छाबड़ा, सुनील छाबड़ा, हरीश गुम्बर, विनोद मुरादिया, राजकुमार अनेजा, अजय गम्भीर, अनिल अनेजा, शैंकी दुआ, राहुल बांगा,टीकम खेड़ा, राजकुमार भुड्डी, महेंद्र छाबड़ा,अशोक धीर,ओम प्रकाश दूमड़ा, बल्देव छाबड़ा, राकेश भुड्डी,सुभाष दूमड़ा, सुभाष खुराना, बलदेव अनेजा, सतीश दुआ,अनिल गगनेजा, अंकित खेड़ा, अमित बेहड़, आशीष अनेजा,सुभाष डूमड़ा, बल्देव छाबड़ा, अशोक खेड़ा, पंकज अनेजा सहित काफी संख्या में पुरुष व महिलायें श्रद्धालु शामिल थे।





# बेहड़ ने 3 करोड़ 83 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास





किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा किच्छा के अंतर्गत् विभिन्न गाँवो तथा किच्छा वार्ड 20 में राज्य वित्त द्वारा निर्मित कराये जा रहे 5 विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों की कुल लागत 3 करोड़ 83 लाख है, इसके तहत किच्छा वार्ड न०–20 सिरौलीकला में सुरेंद्र पेट्रोल पंप के सामने इंदिरा नगर रोड सिरौली नहर पुलिया अब तक 800 मी मार्ग का पीसी द्वारा डाबरी कारण कार्य लागत 19.76 लाख के कार्य का लोकार्पण, वार्ड न०–20 सिरौली कला में बरेली रोड एनएच 74 के किलोमीटर 0230 से किच्छा दरऊ से किच्छा दरऊ 1.5 किलोमीटर मार्ग का हॉट मिक्स द्वारा पुनर्निर्माण एवं सुधार का कार्य लागत 127.54 लाख, किच्छा के अंतर्गत ग्राम भंगा में प्राइमरी स्कूल से मंदिर तक पीसी द्वारा मार्ग का नव निर्माण कार्य जिसकी लम्बाई 700 मीटर तथा लागत 79.24 लाख रूपये, ग्राम भगवानपुर में महेन्द्र सिंह के घर से कमल फुलारा के घर तक सडक का पुन: निर्माण एवं नव निर्माण कार्य जिसकी लम्बाई 1.5 किलोमीटर तथा लागत 94.67 लाख रूपये, राज्य योजना के अंतर्गत किच्छा में ग्राम नजीबाबाद में माता फॉर्म सड़क का पीसी द्वारा डाबरीकरण व पूर्ण निर्माण एंव सौंदर्यीकरण का कार्य लागत 62.21 लाख आदि शामिल हैं। इससे पूर्व समस्त क्षेत्रवासियों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का लोगों ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया तथा विधायक बेहड़ का विकास कार्य कराये जाने हेतु धन्यवाद किया। इस अवसर पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवाद के आधार पर कार्य कराये थे जिसके परिणामस्वरूप किच्छा के बहुत से हिस्से को विकास से वंचित कर दिया गया जबकि उनके द्वारा क्षेत्रवाद,धर्मवाद,जातिवाद व दलगत राजनीति से उठकर प्रत्येक जगह समान कार्य कराये जा रहे है द्य उनके द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों का लाभ प्रत्येक समुदायों को बराबर मिल रहा है द्य किच्छा विधानसभा में बहुत बड़ी संख्या में दलित समाज, मुस्लिम समाज के लोग रहते है किन्तु पूर्व में इन क्षेत्रों की अनदेखी की गयी जिस कारण यहाँ की सड़कों का पिछले लम्बे समय से निर्माण नहीं कराया गया उनके द्वारा ही पूर्व में इन सड़कों पर निर्माण कार्य कराये गए थे। बेहड़ ने कहा की वे अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में विधानसभा की अधिकाँश सड़कों को विकास की धारा से जोड़कर रहेंगे इस संकल्प से वे लगातार सेवा कर रहे है। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,मेजर सिंह,ताहिर मालिक, फरियाद शाह,एनयूखान,नासिर अंसारी, डॉ त्रिमल प्रसाद,बलवंत सिंह,गुलशन सिन्धी,बलदेव सिंह,जसविंदर सिंह,आरिफ मलिक,प्रवेज शाह,विपिन शर्मा,धर्मेन्द्र सिन्धी,तस्लीम रजा,सुनीता कश्यप,कलावती,इमरान एहमद,करण सिंह,अमरजीत सिंह,कुलविन्दर सिंह,सबेगसिंह,रणजीत सिंह,दारा सिंह,सुखबीर सिंह,अमरपाल सिंह,जमालुद्दीन,नासिर भाई, असरफ, दलेर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला न्यायाधीश ने उप कारागार का किया निरीक्षण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार ने उप कारागार हल्द्वानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याएं सुनी गई एवं कारागार अधीक्षक को आवश्यक निर्देश भी दिए गए एवं बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता तथा किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधान, सपोर्ट टू पूअर प्रिजनर योजना एवं अन्य अधिकारों के संबंध में जागरूक भी किया गया। करागार स्थित लीगल एड क्लीनिक, वीसी कक्ष, बंदी बैरक्स,अस्पताल,पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती बीनू गुलयानी, उप कारागार अधीक्षक प्रमोद कुमार एवं चीफ फार्मासिस्ट, विद्वान पैनल अधिवक्ता आसिफ सिद्दकी, पी एल वी श्रीमती नीमा जोशी भी उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश द्वारा कारागार के निरीक्षण के साथ साथ बाल संप्रेक्षण गृह, किशोर न्याय बोर्ड स्थित लीगल एड क्लिनिक, राजकीय महिला पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।




# श्रद्धालुओं के लाभकारी सिद्ध होगी लालकुंआ-अमृतसर ट्रेन: भट्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लालकुआं – अमृतसर ट्रेन को रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रक्षा पर्यटन राज्यमंत्री सांसद अजय भट्ट व विधायक शिव अरोरा ने गम्भीरता से लेते हुए इस विषय को संसद में भी उठाया और इस मांग को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से लेकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखित पत्र दिये उनसे अनेकों है। भट्ट ने कहा कि इस रेल सेवा को शुरू करवाने के लगातार प्रयास के बाद यह सफलता प्राप्त हुई है। हम इसके लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी व कार्यकर्ताओं में इस ट्रेन सेवा को लेकर भारी उत्साह नजर आया। ट्रेन में रुद्रपुर से 157 यात्रियों ने यात्रा की। भट्ट ने कहा कि हमारे लालकुआं, काशीपुर स्टेशन की मांग हमने सांसद भट्ट मुख्यमंत्री धामी से लगातार की थी। लालकुआं अमृतसर ट्रेन सेवा प्रारंभ हो गयी है, जिसका अजय भट्ट के साथ हमने हरी झड़ी दिखाकर रवाना प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, गुरविंदर चंडोक, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक शेलेन्द्र मोहन सिंघल , पूर्व मेयर रामपाल, उषा चौधरी, विवेक सक्सेना, राजीव घई,







हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व लालकुंआ स्टेशन में केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने ट्रेन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रीअजय भट्ट ने कहा पिछले दो दशक से भी अधिक से समय से तराई के लोगों द्वारा मांग की जा रही थी जिसमे धार्मिक समाजिक व्यापारियों वर्गों द्वारा लगातार पत्र प्राप्त हुए और हमने बार मुलाकात की और यह बहुत हर्ष की बात है कि लालकुआं से अमृतसर के लिये यह ट्रेन प्रारंभ हो गयी है। साथ ही इस रेल सेवा से हमारे सेना में सेवा देने वाले सैनिक, अमृतसर में हरमंदिर साहिब जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं व राधा स्वामी पंथ को मानने वाले श्रद्धालुओं के लिये यह ट्रेन बहुत लाभकारी सिद्ध होने वाली वैष्णव, और प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिनके विशेष सहयोग से यह कार्य हम कर पाये उनका भी आभार है। मुख्यमंत्री धामी का सहयोग लगातार हर कार्य मे उनको मिलता रहा है, वही इससे पहले भट्ट ट्रेन द्वारा रुद्रपुर पहुँचे जहाँ उनका ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत हुआ और स्थानीय लोगो तस्वीरें भी बदलने वाली हैं जिनका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमृत भारत योजना के अंतर्गत किया जाएगा, विकास कार्यो में कोई कमी नही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तस्वीर बदली है, हम हर क्षेत्र में आगे बढे है। विधायक शिव अरोरा ने कहा आज बहुत सुखद दिन है कि जिसकी किया। यह ट्रेन तराई और पंजाब को जोड़ने की दिशा में एक सेतु का कार्यकरेगी। विधायक अरोरा ने कहा सिख समाज राधा स्वामी पंत को मानने वाले लाखों श्रद्धालु ओर बाघा बॉर्डर पर अपनी सेवा दे रहे सैनिको के लिये बहुत बड़ी सुविधा देने वाली ट्रेन साबित होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, गुरमीत सिंह, सुरमुख सिंह, सुरेश कोली, प्रीत ग्रोवर, प्रमोद शर्मा, राजेश बजाज,अमित नारंग,जगदीश विश्वास, हरीश भट्ट, धीरेश गुप्ता, शालनी बोरा, राकेश सिंह, राजेश डाबर, संचालन कर्ता सुशील गाबा, मनोज मदान, राजेश कमरा, संदीप राव, मोहित चड्ढा, पकंज बांगा, रोनिक नारंग, श्रीकांत राठौर आदि थे।

# प्रत्याशी बनने पर अजय भट्ट का हुआ जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुनः लोकसभा प्रत्याशी बनने के बाद भाजपा जिला कार्यालय व लोकसभा कार्यालय बिगवाड़ा पहुँचे अजय भट्ट का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अजय भट्ट हर कार्यकताओ के दिलों पर राज करते ओर पुनः उनको लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल हैं। उन्होंने कहा निश्चित रूप से एक एक कार्यकर्ता संकल्प के साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत करते हुए अजय भट्ट को लोकसभा भेजेंगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा लगातार नैनीताल लोकसभा में एक के बाद एक विकास




कार्यो को धरातल पर उतराने वाले सभी कार्यकर्ताओं के प्रिय अजय भट्ट को पुनः प्रत्याशी बनाया कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान है। हम पहले से भी बड़े अंतर से अजय भट्ट को सांसद बनने के लिये जी तोड़ मेहनत करेंगे। लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपाही के रूप में पिछले 5 साल से लोकसभा में सेवा कर रहे हैं। एक बार फिर शीर्ष नेतृत्व ने प्रत्याशी बनाकर जनता के बीच मे जाने का निर्देश दिया है। हम को विश्वास है कि एक एक कार्यकर्ता आने वाले चुनाव में भाजपा को जीत सुनिश्चित करने का कार्य करेगा और अबकी बार 400 पार के नारे को सिद्ध कर के दिखाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे विपक्ष पूरी तरह विफल साबित होगा। यह देश की जनता ने तय कर लिया है। देश की विकास यात्रा में जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आशीर्वाद देने जा रही है। इस दौरान लोकसभा सयोंजक विवेक सक्सेना, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, प्रदेश मंत्री गुरविंदर चंडोक, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, दर्जामंत्री राजपाल, पूर्व मेयर रामपाल, जिला महामंत्री अमित नारंग, राजेश तिवारी, मोहन तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, विनय बत्रा, रश्मि रस्तोगी, स्वाति शर्मा, ममता त्रिपाठी, धीरेन्द गुप्ता, अक्षय अरोरा, श्रीकांत, सुनील यादव, हरजीत राठी, रवि, कैलाश, आयुष, बिट्टू, मयंक कक्कड़ आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय में खुला मॉडर्न एडोलसेंट फ्रेंडली हेल्थ क्लीनिक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद ऊधम सिंह नगर में जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मॉडर्न एडोलसेंट फ्रेंडली हेल्थ क्लीनिक



का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्धघाटन डॉ. मनोज कुमार शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊधम सिंह नगर एवं डॉ. आरके सिन्हा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय रुद्रपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरेंद्र मलिक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राजेश आर्या, हॉस्पिटल मैनेजर डॉ. अजयवीर, एएनएम दीपा जोशी, डीपीओ आरकेएसके मो. आमिर खघं एवं काउंसलर डोरी सिंह एवं कल्पना बिष्ट उपस्थित रही।

# एसएसपी ने लोकसभा निर्वाचन के लिए एमपीबीजी कॉलेज का किया निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने एमबीपीजी कॉलेज में जाकर आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 को लेकर पुलिस द्वारा सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने ईवीएम हेतु स्थापित स्ट्रॉन्ग रूम की परिधि में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने के लिए पर्याप्त पुलिस/पैरामिलिट्री सुरक्षा बल तैनात करने,



लगातार सीसीटीवी सर्विलांस, प्रभावी मीडिया मॉनिटरिंग करने, कंट्रोल रूम स्थापन के साथ प्रभावी बैराकेडिंग कर चुनाव प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन हेतु समुचित सुरक्षा प्रबंध करने के अधिनस्थों को निर्देश दिए।इस दौरान प्रकाश चंद्र, एसपी सिटी हल्द्वानी, नितिन लोहनी सीओ सिटी हल्द्वानी, उमेश मलिक प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी समेत निर्वाचन ड्यूटी में लगे संबंधित प्राधिकारी तथा पैरामिलिट्री बालों के प्रभारी मौजूद रहे।

# वर्षों के संघर्ष के बाद ट्रेन प्रारंभ होने से सुखद अनुभूति: गाबा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लालकुआं से अमृतसर तक सीधी रेल सेवा की शुरुआत होने पर ट्रेन के लिए पूर्व में संघर्ष करने वाले आंदोलनकारियों ने हर्ष जताते



हुए केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट और विधायक शिव अरोड़ा का आभार जताया।इस मौके पर आंदोलन कारियों ने कहा कि ट्रेन के शुभारंभ से तराई में बसे हजारों लोग लाभान्वित होंगे क्योंकि यहां के लोगों का पंजाब से सीधा नाता है। आपको बता दे कि अमृतसर के लिए ट्रेन चलाई जाने की मांग आज की नहीं बल्कि वर्षों पुरानी है। उत्तराखंड बनने के बाद तराई में बसे पंजाबियों को अमृतसर के लिए ट्रेन की काफी कमी खलती थी। ट्रेन चलाये जाने की मांग को लेकर कई बार संघर्ष हुआ, लेकिन लोगों की मांग धरी की धरी रह गई। वर्ष 2006 में युवा पंजाबी महासभा ने एक वृहद आंदोलन चलाया,ट्रेन रोकी,धरना प्रदर्शन किया। ट्रेन तो नहीं चली बल्कि आंदोलनकारियो पर मुकदमे जरूर लग गए। इस ट्रेन को चलाने के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारियो में प्रमुख युवा समाजसेवी सुशील गाबा एवं ललित मिगलानी ने गत दिवस केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट और विधायक शिव अरोड़ा द्वारा अमृतसर के लिए ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर इसको रवाना करने पर हर्ष जताते हुए दोनों का आभार जताया। श्री गाबा ने कहा कि वर्ष 2006 में युवा पंजाबी सभा के तत्वाधान में हुए इस आंदोलन में अनेकों ज्ञापन दिए गए, प्रदर्शन हुए। लेकिन कोई नतीजा ना निकलता देख रेल रोक डाली। इसकी धमक दूर तक पहुंची तो, उनके सहित दर्जनों आंदोलनकारियों पर रेलवे कोर्ट में लंबे मुकदमे चले। श्री गाबा ने कहा कि आज सपना साकार हो गया है। इस ट्रेन के लिए किया गए आंदोलन और केस की मानसिक प्रताड़ना आज दूर हुई। तराई वासियों के चेहरों पर आई मुस्कान से उन्हें इस संघर्ष की सार्थकता फलीभूत होती हुई महसूस हो रही है।ललित मिगलानी ने कहा कि इस ट्रेन के प्रारंभ होने पर सभी आंदोलनकारियों, सांसद भट्ट सहित विशेष रूप से क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा का इस मांग को लेकर लगातार प्रयास किए जाने तथा हर स्तर पर किए गए विशेष प्रयासों हेतु धन्यवाद अर्पित करते है।

# तहसील दिवस में उठाई कई समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तहसील दिवस में युवा नेता हेमन्त साहू की अगुवाई में लोगों ने एक दर्जन से अधिक जन मुद्दों को उठाया। जिसमें राजेन्द्र राजपुरा में सीवर



लाइन के निर्माण किए जाने, बंद पड़ी स्टेट लाइट को ठीक करने, सड़े गले विद्युत पोलों को बदलने, दूषित पानी की समस्या से निजात दिलाने, क्षतिग्रस्त नालियों का निर्माण करने, और स्पीड ब्रेकर बनाए जाने जैसे तमाम मुद्दों को उठाया। सामाजिक कार्यकर्ता प्रीति आर्य ने कहा पूर्व में दर्ज शिकायतों का गम्भीरता से निराकरण नही किया गया जिसे लोगों में रोष पनप रहा है। हेमन्त साहू ने कहा लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जल्द मोर्चा खोला जायेगा।इस दौरान युवा नेता सचिन राठौर, मयंक गोस्वामी,कमलेश आर्य,काजल आर्या, बबिता कश्यप,कबिता सिंह आदि थे।

# महिलाओं ने निकाली नारी शक्ति वंदन पदयात्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने मंगलवार को शहर में नारी शक्ति वंदन पद यात्रा निकाली।केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा ने हरी झंडी दिखाकर पद यात्रा को रवाना किया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला और प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी के नेतृत्व में गांधी पार्क से पद यात्रा शुरू हुई, जो कि मुख्य बाजार से होते हुए गल्ला मंडी में समाप्त हुई।इससे पहले अपने उद्बोधन में भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी ने महिलाओं में जोश भरते हुए लोकसभा चुनाव के लिए अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया।उन्होंने मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल स्वर्णिम युग बताया।उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर बेटियों और महिलाओं के



लिए मोदी सरकार में जितनी भी योजनाएं शुरू की, उनसे महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। चाहे वह सुकन्या समृद्धि योजना हो या बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ की नीति हो। जो प्रधानमंत्री महिलाओं के बारे में इतना सोचता हो, उनकी सुरक्षा और सम्मान के बारे में जो संकल्पित होकर देश की निस्वार्थ कर रहे हैं तो उन नरेंद्र मोदी को बार–बार प्रधानमंत्री बनाने में देश की महिलाएं सबसे आगे रहेंगी। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान देकर आगे बढ़ाने का काम किया है। इसलिए महिला कार्यकर्ता चुनाव में पूरी मेहनत और निष्ठा से काम करेंगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, श्वेता मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक चंद्र कला राय,फरजाना बेगम, सह संयोजक शम्मी गुप्ता,माही सकलानी,जूही सिंह, बीना कौर, नीलू मजूमदार, गुरविंदर कौर, रेनू जुनेजा,सीमा गुप्ता,ममता जीना, अलका अरोरा,मालती,बसंती मलिक, चांदनी ,बेबी,रूबी आदि कार्यकर्ता मौजूद थी।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# डिजिटल दुनिया

आमतौर पर हर क्षेत्र में तकनीक के प्रसार ने लोगों की रोजमर्रा की जरूरत से लेकर कई तरह की सुविधाओं तक पहुंच को आसान बनाया है। मगर तकनीकी विकास के दायरे में ही जैसे–जैसे डिजिटल दुनिया में एक नया समाज बन रहा है, सोशल मीडिया के मंचों का विस्तार हो रहा है, वैसे–वैसे कई तरह के जोखिम भी सामने आ रहे हैं। खासकर ऐसे लोगों के लिए खतरे ज्यादा हैं, जो इंटरनेट आधारित सोशल मीडिया की प्रकृति को लेकर एक परिपक्व समझ नहीं रखते और कई बार आभासी दुनिया के संजाल में उलझ जाते हैं। आये दिन हो रहे लेन को लेकर पैसों की ठगी या बैंक खातों से पैसा निकाल लेने जैसे अपराधों से इतर डिजिटिल दुनिया की गतिविधियों के बीच रिश्तों में अपराध अब एक जटिल रूप में सामने आ रहा है। हाल ही में दक्षिण–पश्चिम दिल्ली में एक लड़की से उसके दोस्त ने बलात्कार किया, जो कुछ ही समय पहले सोशल मीडिया पर उसके संपर्क में आया था। इससे पहले भी ऐसी कुछ घटनाएं हुई हैं, जिनमें किशोर उम्र की लड़कियों को सोशल मीडिया पर हुई जान–पहचान के बाद बलात्कार जैसे जघन्य अपराध का शिकार होना पड़ा। दरअसल, सोशल मीडिया के जरिए कई किशोर और युवा अपने संपर्कों और दोस्ती का विस्तार तो करते हैं, मगर अब वह सुरक्षित नहीं रह गया है। खासकर कुछ किशोरवय लड़कियां इसके संवेदनशील पहलुओं पर परिपक्व समझ नहीं रखतीं और भावुकता में लिए गए निर्णय की वजह से कई बार आपराधिक प्रवृत्ति के लड़कों की चाल में फंस कर खुद को खतरे में डाल लेती हैं। विवेक और परिपक्वता के कमजोर धरातल पर खड़ी लड़कियों को इसका खमियाजा ज्यादा भुगतना पड़ रहा है। विडंबना है कि जो सोशल मीडिया दुनिया को जानने–समझने का जरिया होना चाहिए था, उसके लापरवाह या फिर बेजा इस्तेमाल ने इसे अपराध के एक अड्डे की शक्ल देना शुरू कर दिया है। इस आभासी माध्यम पर अगर कभी दो लोग आपस में जुड़ते हैं, तो एक–दूसरे को जान–समझ पाने की स्थितियां वैसी नहीं बनतीं, जो वास्तविक जीवन की दोस्ती या संबंधों में होती हैं। आभासी संसार में हुई दोस्तियों में भी वास्तविक दुनिया की दोस्ती की संवेदना की खोज अक्सर मृग मरीचिका साबित होती है।

# मंडी की कैंटीनों में अब नहीं बिक पाएगी शराब

## आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन ने मंडी सचिव को ज्ञापन भेजा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नवीन मंडी में अब शराब की बिक्री नहीं हो पाएगी। इसके लिए आढ़तियों ने सराहनीय पहल करते हुए कैंटीनों को महिला समूहों या महिला मंगल दल को उचित मूल्य पर देने की मांग की है। ऐसोसिएशन का कहना है कि कैंटीनों को महिला समूहों को दिए जाने से यहां पर आने वाले किसानों, व्यापारियों और श्रमिकों को उचित मूल्य पर जलपान और भोजन उपलब्ध हो सकेगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि मंडी परिसर में स्थित कैंटीनों की निविदा प्रक्रिया ऊंचे दामों पर हो रही है जिस कारण से ज्यादातर दुकानों की नीलामी नहीं हो पा रही है जिस कारण से वह खाली रह जाती हैं। कैंटीनों के खाली रहने से श्रमिकों, किसानों और व्यापारियों को जलपान नहीं मिल पा रहा है। एसोसिएशन से जुडत्रे लोगों का कहना है कि अत्यधिक कीमत पर निविदा वाली कैंटीनों में स्वयं का व्यय निकालने के लिए मदिरा परोसी जाती है जिससे मंडी परिसर में अराजक तत्वों का भी जमावड़ लगा जाता है। उनका कहना है कि जिस तरह से तहसील, एसडीएम कोर्ट आदि स्थानों पर महिला समूहों को कैंटीन संचालन दिया गया है उसी तरह से मंडी में भी कैंटीनों का संचालन महिला समूहों व महिला मंगल दलों को दिया जाए।

# डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने ईवीएम वेयर हाउस का त्रिमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रखने के साथ ही सीसीटीवी ब्रेकप पर



भी पैनी नजर रखने के निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस निरीक्षण दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान तहसीलदार दिनेश कुमार , सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, नगर सचिव कांग्रेस मनोज कुमार आदि थे।

# मांगों को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने दिया धरना

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने गांधी पार्क अल्मोड़ा में धरना दिया । इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के मामले में सरकार अपनी ही घोषणाओं को लागू नहीं कर रही है मुख्यमंत्री ने कुछ समय पूर्व घोषणा की थी कि सभी राज्य आंदोलनकारियों को एक समान पैंशन दी जायेगी। पहली बार मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने घोषणा की थी कि राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को भी पैंशन दी जायेगी दो वर्ष से अधिक समय हो गया है। पैंशन अभी तक नहीं मिली है। क्षैतिज आरक्षण का विधेयक विधानसभा से पारित तो हो गया है किन्तु लागू कब होगा यह निश्चित नहीं हैं स्थिति इतनी गंभीर है कि राज्य आंदोलनकारियों के आश्रित भी नौकरी की आयु सीमा पार कर चुके हैं जनता की मांग पर गैरसैंण राजधानी बनाना तो दूर सरकार अपनी घोषणा के अनुरूप गैरसैंण में ग्रीष्मकालीन राजधानी ले जाने को तैयार नहीं है। यह सरकार वहां विधानसभा सत्र तक नहीं करा पा रही है सरकारी धन केवल प्रचार प्रसार में खर्च हो रहा है जमीन में नहीं लग रहा सरकार भारी खर्च कर एक ओर विकास रथ निकाल रही है दूसरी ओर किसानों की खेती बाड़ी चौपट कर रहे जंगली जानवरों से उसकी सुरक्षा के लिए कुछ नहीं कर रही है ।मुख्यमंत्री की घोषणाओं के लागू न होने तथा जनता की मांगों पर कोई कार्यवाही न होने से यह धारणा प्रबल होती है कि राज्य में सरकारी मशीनरी बेलगाम हो चुकी है उसे जन समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है वक्ताओं ने चेतावनी दी कि राज्य आंदोलनकारियों की मांगों पर सरकार का यही रवैया रहा तो राज्य आंदोलनकारी आगामी लोकसभा चुनाव में जनता के बीच जाकर चुनाव बहिष्कार करने तथा नोटा दबाने का आह्वान करेंगे। धरने में ब्रह्मा नन्द डालाकोटी, शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगड्वाल, लक्ष्मण सिंह,रबीन्द्र सिंह,पान सिंह, गोपाल सिंह बनौला, दिनेश शर्मा, मोहन सिंह भैसोड़ा,जीवन सिंह , महेश पांडे, तारादत्त भट्ट, बहादुर राम, तारादत्त तिवारी,,पूरन सिंह, कैलाश राम, कृष्ण चन्द्र, गोविंद राम, सुशीलन चन्द्र,तारा देवी,दीवान सिंह ताराराम, सुंदर सिंह आदि सम्मिलित हुए।

# वेयर हाऊस का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने मंगलवार को वेयर हाऊस का मासिक निरीक्षण करते हुए ईवीएम,वीवीपैट व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने स्ट्राॅग रूम के दरवाजे में लगी द्वितला सील,सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और विभिन्न पंजिकाओं सहित सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखा जो दुरुस्त पाए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा में कोई लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एन.एस नबियाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नैन सिंह भी उपस्थित रहे।

# ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने पति और ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीपरलपोखरा गांधी आश्रम हल्द्वानी निवासी बीना खाती पुत्री नयन सिंह खाती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 4 दिसंबर 2022 को साहिबाबाद गाजयाबाद निवासी विक्रम सिंह पुत्र केदार सिंह के साथ बनांचल कैंकेट हाल मुखानी में हुई थी। आरोप है कि जब वह हनीमून के लिए मॉरीशस गए तो उसके पति ने उसके मारपीट औश्र अभद्रता करनी शुरू कर दी। वह उससे दस लाख रूपए और टाटा सफारी गाड़ी की डिमांड करने लगा। एक सप्ताह बाद मॉरीशस से गजियाबाद लौटने पर सास हेमा देवी, ससुर केदार सिंह, बड़े जेठ चन्द्र मोहन सिंह, बड़ी जेठानी नम्रता सिंह, छोटे जेठ रविंदर सिंह और छोटी जेठानी नम्रता अरोरा भी मुझे तरह– तरह से परेशान कर प्रताड़ितत कर दहेज में नकद व गाड़ी की मांग करने लगे। इसके बाद 4 फरवरी 2023 को वह अपने पति के साथ मलेशिया आ गई जहां पर उसे दोबारा प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।वह किसी तरह से अपनति पति के चंगुल से बचकर वापस आ पाई। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान संचालन समिति निकलेगी जनाक्रोश रैली

गरुड़(उद संवाददाता)। बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान संचालन समिति की यहां हुई एक नीतिगत बैठक में जन शिकायत व सुझावों पर प्रदेश सरकार की ओर से कोई पहल न किए जाने की कड़े शब्दों में भर्त्सना की गई। आक्रोशित समिति ने आगामी 15 मार्च को जनाक्रोश रैली निकालने का ऐलान कर दिया है। जनता के मुद्दों को दबाए जाने, जनप्रतिनिधियों व सरकार की उदासीनता के विरुद्ध कत्यूर की जनता आगामी 12 मार्च से ऐतिहासिक गांधी चबूतरे पर गरजेगी। बंदर भगाओ खेती बचाओ अभियान समिति ने 12 मार्च से 14 मार्च तक प्रातः 11 बजे से दो बजे तक तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन करने और 15 मार्च को जनाक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया है। विदित रहे कि गरुड़ सिविल सोसाइटी के तत्वाधान में गठित जन अभियान समिति ने गत



मकर संक्रांति से कत्यूर घाटी में बंदरों के आतंक से निजात दिलाए जाने के लिए गहन अभियान संचालित किया। दस फरवरी को भकुनखोला मैदान, बैजनाथ में जनता ने लिखित रूप से शिकायतें व सुझाव दर्ज कराए। जिन्हें दस्तावेज प्रारूप में संकलित कर अभियान समिति के शिष्टमंडल ने 25 फरवरी को राजधानी देहरादून में प्रदेश के मुख्यमंत्री को सौंपा। परंतु दस दिन बाद भी इस मसले पर सरकार की चुप्पी ने समिति को सड़कों पर उतरने के लिए विवश किया है। समिति के संरक्षक एडवोकेट डीके जोशी, संयोजक हरीश जोशी, अध्यक्ष रविशंकर बिष्ट ने बताया कि अब प्रदेश सरकार के विरुद्ध आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

# तहसील दिवस में उठी कई समस्याएं

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी तहसील में तहसीलदार हल्द्वानी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हुआ। तहसील दिवस में बड़ी संख्या में लोग अपनी–अपनी समस्या लेकर शकील अहमद सलमानी पूर्व पार्षद के नेतृत्व में तहसील दिवस में पहुंचे तहसील दिवस में पहुंचे लोगों ने अपनी वृद्धा पेंशन ना ना आने की शिकायत दर्ज कराई। सैयद यूसुफ अली नमक वृद्धा पेंशन धारक में तहसील दिवस प्रभारी को अवगत कराया और कहा कि पिछले एक वर्ष से वह तहसील दिवस में आ रहे हैं बैंकों में वह समाज कल्याण विभाग में एक बार से चक्कर काट रहे हैं। आज तक उनकी पेंशन नहीं आई पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी ने तहसील दिवस प्रभारी वह तहसीलदार हल्द्वानी को अवगत करते हुए कहा कि इंदिरा नगर छोटी सड़क और बड़ी सड़क दुर्गा मंदिर क्षेत्र में कई क्षेत्रों में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग कई कई किलोमीटर दूर जाकर पीने का पानी लेकर आ रहे हैं। शकील अहमद सलमानी ने तहसील



दिवस प्रभारी को बताया कि इंदिरा नगर छोटी सड़क जिसमें गहरे गहरे गड्ढे हो चुके हैं। लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत करने के बाद भी न तो सड़क का निर्माण हुआ और ना ही गड्ढे भरे गए। शकील अहमद सलमानी ने ट्रचिंग ग्राउंड के बाहर बायपास रोड पर कूड़े के ढेर उठाने की मांग की। सलमानी ने गंदे नालों की सफाई करने की मांग की। तहसील दिवस में पहुंचे लोगों में श्रीमती रेशम, श्रीमती शाबा, शहनाज,यासमीन बेगम, रुखसाना,हिना परवीन,मोहम्मद अनस, इलियास अहमद, असलम अहमद, वकील अहमद, अशरफ,मसरूर सहित लोग पहुंचे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए देवकी मलड़ा को मिलेगा सम्मान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने,प्रतिवर्ष हजारों पेड़ो को रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए निशुल्क लोगों को पौध वितरित कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित करने हेतु देवकी देवी मलड़ा सम्मानित होंगी। दशकों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन परअपने पुत्र वृक्ष मित्र किशन मलड़ा के साथ सहयोग देकर स्वनिर्मित देवकी देवी मलड़ा को राज्यपाल ने आमंत्रित किया है। वह पर्यावरण के प्रति महिलाओं को जागरूक कर रही हैं। जिससे मंडलसेरा गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। मंडलसेरा में वृक्ष पुरुष किशन मलड़ा ने अपनी माता देवकी देवी के नाम देवकी लघु वाटिका बनाई है। जिसमें उनकी माता का भरपूर सहयोग है। वह वाटिका की संस्थापक संरक्षक हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या



यानी आठ मार्च को उन्हें राजभवन उत्तराखंड से आमंत्रण आया है। उन्हें राज्यापाल सम्मानित करेंगे। वाटिका के संचालक किशन मलड़ा ने बताया कि राजभवन से उन्हें पत्र मिला है। वाटिका की स्थापना से अभी तक 10 लाख पौधों का उत्पादन किया गया है। इतने ही पौधे निश्शुलक वितरित और रोपित किए हैं। जिससे मंडलसेरा क्षेत्र के अलावा अन्य पौधारोपण क्षेत्रों में प्राकतिक जलस्रोतों को पुनर्जीवन मिला है। चारा पत्ती, फलदार पौधों को वर्तमान में भी रोपण किया जा रहा है। बेटी के जन्म पर दो पौधे भेंट किए जा रहे हैं। सराहनीय काम के लिए वाटिका के संरक्षक को यह सम्मान मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एक करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य है। उनका चयन होने पर विधायक पार्वती दास, जिपंअ बसंती देव, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिपंअ हरीश ऐठानी, दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# देवभूमि उद्यमिता योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कांडा(उद संवाददाता)। पंकज डसीला,राजकीय महाविद्यालय काण्डा में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को व्यावसायिक कौशल हेतु प्रशिक्षित करना था।प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० मधुलिका पाठक एवं विनोद पाण्डेय (पर्यवेक्षक), ललित पाण्डेय (कार्यक्रम संयोजक),



दिनेश पाण्डेय (कार्यक्रम समन्वयक) व पंकज पाण्डेय (प्रशिक्षक) तथा महाविद्यालय से देवभूमि उद्यमिता समिति के संयोजक डॉ० नगेन्द्र पाल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व अतिथियों का बैज अलंकरण करके किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा उक्त संस्थाओं का आभार प्रकट करते हुए विद्यार्थियों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 45 विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा करते हुए इसके उद्देश्य, अवधारणा, उद्यमी का अर्थ, उद्यमी के गुण , उद्यमिता का महत्व एवं उद्यमी बनने के आकर्षण विषय पर श्री विनोद पांडेय, श्री ललित पांडेय व श्री दिनेश पांडेय द्वारा व्याख्यान दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ विनोद साह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक महेश जीना ने नगर निगम में काटा हंगामा

## टेंडर निरस्त होने से आक्रोशित समर्थकों और कर्मचारियों के बीच हुआ विवाद, हड़ताल का ऐलान

देहरादून। सल्ट से भाजपा विधायक महेश जीना ने नगर निगम में जमकर हंगामा किया। आरोप है कि परिचित का टेंडर निरस्त होने पर विधायक ने पहले कर्मचारियों के साथ गालीगलौज की, इसके बाद कार्यालय में घुसकर नगर आयुक्त के साथ बदसलूकी और गालीगलौज की। विधायक के इस व्यवहार से नगर निगम कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। कर्मचारियों ने निगम का काम-काज ठप कर आज से सफाई सहित सभी कार्य ठप कर हड़ताल की घोषणा कर दी है। कर्मचारियों चेतावनी दी कि विधायक जब तक माफी नहीं मांगते तब तक कर्मचारी हड़ताल वापस नहीं लेंगे। हाल ही में नगर निगम की ओर से सहस्रधारा रोड स्थित लीगेसी वेस्ट को खत्म करने के लिए टेंडर डाले गए थे। टेक्निकल बिड में पांच कंपनियां ही पहुंच पाई थीं। इसमें तीन कंपनियों को मानक पूरा न करने पर बाहर दिया था। बताया जा रहा है, इसमें से एक कंपनी सल्ट से भाजपा विधायक महेश जीना के परिचित की थी। टेंडर निरस्त होने से बौखलाए विधायक समर्थकों के साथ दोपहर बाद नगर निगम पहुंचे। पहले उन्होंने सहायक आयुक्त एसपी जोशी के कक्ष में जाकर कर्मचारियों को टेंडर की फाइल दिखाने को कहा। एसपी जोशी मौके पर मौजूद नहीं थे। बताया जा रहा है कि इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद हेड क्लर्क पवन थापा को जिसका टेंडर खुला है, उसकी फाइल दिखाने को कहा। हेड क्लर्क ने जब फाइल दिखाने से मना किया तो आरोप है कि विधायक ने पवन थापा के साथ गालीगलौज और बदतमीजी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हेड क्लर्क जब इस बात को लेकर नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचा तो विधायक महेश जीना भी नगर आयुक्त के कार्यालय में पहुंच गए। आरोप है कि टेंडर को लेकर उनकी नगर आयुक्त के साथ बहस हो गई। विधायक टेंडर की फाइल और जिस कमी के कारण उनके परिचित का टेंडर निरस्त किया गया, उसके बारे में बताने को कहने लगे। जब



नगर आयुक्त ने मना किया तो विधायक आक्रोशित हो गए और आरोप है कि उन्होंने नगर आयुक्त के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। शोर सुनकर नगर निगम के कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। कर्मचारियों के सामने भी विधायक सत्ता की हनक दिखाते रहे। बाद में और कर्मचारियों के जमा होने पर विधायक धमकी देकर वहां चले गए। विधायक का नगर आयुक्त से बदसलूकी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं सत्ता पक्ष के विधायक की हनक का नुकसान अब आम लोगों को भुगतना पड़ेगा। नगर आयुक्त और कर्मचारियों के साथ विधायक की ओर से की गई बदसलूकी और गालीगलौज से निगम के कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया है। निगम कर्मचारी संघ ने विधायक के इस व्यवहार पर आक्रोश जताते हुए आज से सफाई व्यवस्था के साथ ही सभी कार्य ठप करने का ऐलान कर दिया है। उधर इस मामले में विधायक सल्ट महेश जीना ने कहा कि उन पर बेवजह बदसलूकी का आरोप लगाकर मामले का तूल दिया जा रहा है। कहा कि उनके एक परिचित ने सहस्रधारा रोड स्थित लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए टेंडर डाला था। उसे निरस्त कर दिया गया। परिचित ने उनसे शिकायत की थी कि बिना कारण बताए निगम अधिकारियों ने अपने चहेतों को टेंडर दे दिया है। उनकी शिकायत के बाद वह निगम पहुंचे थे। वहां पहुंचकर उन्होंने नगर आयुक्त को फोन किया, लेकिन उन्होंने सचिवालय में होने की बात कही। जब वह जहां टेंडर की फाइल रखी गई थी वहां पहुंचे और उनसे फाइल दिखाने को कहा तो उन्होंने मना कर दिया। कहा कि जो उस समय उनसे बात कर रहा था वह कर्मचारी नहीं कोई और था। जब उन्होंने आपत्ति की तो वह व्यक्ति नगर आयुक्त के कार्यालय में पहुंच गया। वहां जब उन्होंने नगर आयुक्त से टेंडर के बारे में जानकारी चाही तो उन्होंने मना कर दिया और उनके साथ तू-तड़ाक से बात की। कहा कि उन पर बेटे को टेंडर दिलाने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया। जबकि यह टेंडर उनके बेटे का नहीं बल्कि परिचित का था। इसकी पड़ताल भी की जा सकती है। आरोप लगाया कि निगम में अधिकारी भ्रष्टाचार में लगे हुए हैं। अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए अपने हिसाब से टेंडर की शर्तें तय करते हैं। इस पर उन्हें आपत्ति थी।

## भाजपाईयों ने लाभार्थियों से किया संपर्क

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत ऊंची महुवट में लाभार्थियों से संपर्क किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दर्जनों लाभार्थियों से संपर्क कर सरकार द्वारा लाभार्थियों के लिए चलाई जारी योजनाओं की जानकारी दी एवं उनको मिलने वाले लाभ किस तरह सरकार द्वारा बिना किसी बिचौलिए के प्रदान किया जा रहे हैं की जानकारी दी। नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने बताया कि नगर मंडल के सभी बूथों पर शत प्रतिशत लाभार्थी संपर्क अभियान संपन्न हो चुका है। प्रत्येक बूथ पर अलग-अलग भूत प्रवासियों द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान में लाभार्थियों से संपर्क कर इस अभियान को सफल बनाया गया है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष विपिन राणा ,मोर्चे के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, उपाध्यक्ष शुभम वाल्मीकि, मधुमति राणा, गीता देवी,सुनीता राणा,कलावती, लक्ष्मी देवी, रामरतो, सरस्वती, देवी हरनंदन सिंह, अमित राणा, देवकी नंदन राणा, सोनम राणा आदि लाभार्थी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।



## सेवन प्लेट्स होटल का विधायक ने किया शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। संडे बाजार के पास सेवन प्लेट्स होटल का बुधवार को मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडे ने फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि गदरपुर क्षेत्र में सेवन प्लेट्स होटल खुलने से आसपास के लोगों को ताजा एवं अच्छा खाना प्राप्त होगा। उन्होंने होटल संचालक से खान पान की चीजों में विशेष गुणवत्ता का ध्यान देने का आग्रह भी किया ।उन्होंने कहा कि आज का युवा आत्मनिर्भर बन रहा है और होटल के एम डी तस्वीर अहमद ने बहुत कम उम्र में कड़ी मेहनत के बाद गदरपुर मेन रोड बाजार में यह होटल खोला है। पांडे ने तस्वीर अहमद को शुभकामनाएं देते हुए कहां की अच्छे खान-पान से ही शरीरिक विकास भी होता है वही पहुंचे निवर्तमान किलाखेड़ा चेयरमेन अकरम पठान ने भी होटल संचालक को शुभकामनाएं देते हुए अच्छी गुणवत्ता का खाना और परोसने का का आग्रह किया। होटल स्वामी तस्वीर अहमद के पिता नसीर अहमद ने आए हुए सभी लोगों का आभार जताते हुए बताया कि सेवेन प्लेट्स होटल में वेज एंड नॉनवेज सभी तरीके का खाना उपलब्ध है। वह अपने ग्राहकों को अच्छी गुणवत्ता देने की पूरी कोशिश करेंगे। इस दौरान जावेद सैफी, करीमुल्ला, मोहम्मद अहमद पेंटर, शाह्नूर अली, रिंकू शर्मा, शिवम छाबड़ा, संतोष गुप्ता, चंकित हुडिया, मुनी भुसरी, बंटी भुड्डी, वसीम अकरम, नईम अली, शादाब, जफर अली सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**उजाड़े गये व्यापारियों का होगा...**कर रही हैं। डबल इंजन की सरकार मोदी जी की प्रेरणा से जनसेवा की भावना से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज सरकार विकास के नये आयाम तय कर रही है। समाज के अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के विकास और उन्नति के लिए कई बड़े ऐतिहासिक फैसले लिये गये हैं। हाल ही में यूसीसी कानून बनाया गया है इसके अलावा नकल विरोधी कानून और अब दंगे में नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ भी एक्ट लाया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण में रूद्रपुर के जिन व्यापारियों की दुकानों को उजाड़ा गया था उनका भी पुनर्वास किया जायेगा इसके लिए जिलाधिकारी को निर्देश दे दिये हैं। शहर में जो वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है उसमें 300 सौ से अधिक व्यापारियों को दुकानें दी जायेगी। सीएम धामी ने नजूल भूमि पर मालिकाना हक पाने वाले लाभार्थियों से संवाद भी किया। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने नजूल भूमि के मुद्दे पर जो फैसला लिया वह ऐतिहासिक है। अजय भट्ट ने कहा कि अभी 2600 लोगों को पट्टे मिल रहे हैं जो भी इसके दायरे में आते हैं उन्हें एक एक व्यक्ति को पट्टा दिया जायेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि आज का दिन रूद्रपुर खासकर मलिन बस्तियों के लिए उत्सव का दिन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि कितने नेता आये कितने चले गये। लेकिन धामी सरकार में वर्षों पुरानी मांग पूरी हुयी है। जो काम चालीस साल में नहीं हुआ वो काम भी आज पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी प्रथम चरण पूरा हुआ है अभी आने वाले दिनों में आठ हजार लोगों को नि:शुल्क मालिकाना हक दिलाया जायेगा। विधायक ने कहा कि आज मेरा सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से अमृतसर के लिए ट्रेन शुरू होनो भी इस क्षेत्र के लिए बहुत बडी उपलब्धि है। सीएम धामी जिस प्रकार से काम कर रहे हैं वास्तव में यह हम सबका सौभाग्य है। विधायक अरोरा ने नगर निगम क्षेत्र में शामिल हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वामित्व योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि नजूल भूमि की लड़ाई लम्बी लड़ाई थी जो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से सफल हो पायी है। मुख्यमंत्री नजूल की समस्या को अपनी निजी समस्या समझते हुए इसका समाधान किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा,पूर्व मंत्री एवं गदरपुर के विधायक,अरविंद पाण्डे, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता,जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, अमित नारंग, सुरेश कोली, धर्मेन्द्र शर्मा,पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रमोद शर्मा, बिट्टू शर्मा, राकेश सिंह, सुशील चौहान, भुवन गुप्ता, आयुष तनेजा, अनिल चौहान, राधेश शर्मा, विजय वापजेयी, डा. शाहखान राजशाही, के के दास, मोहन तिवारी, निताई विश्वास, हिमांशु शुक्ला, सुरेश परिहार, सीमा सरकार, हिमांशु सरकार, राजन राठौर, किरन विर्क, रमेश कालड़ा,कांती कोली, पूजा परगाई, रेनू मठपाल, नीलम सिंह, पूजा जोशी, रश्मि नेगी, कुसुम, पारूल परगाई, गंगा भंडारी, संध्या सक्सेना, मंगली राम, नत्थू लाल गुप्ता, राजेश कामरा, विकास मिश्रा, अजय सिंह, श्रीमती निर्मला सिंह,चन्द्रसेन कोली, परवेज खान, बबलू सागर, गोपी सागर, छेदा लाल पाल, राजेश जग्गा, नरेश उप्रेती, धर्म सिंह कोली, संतोष गुप्ता, अक्षय अरोरा,शैली फुटेला, लता सिंह, विद्या सिंह, मीना शर्मा, मीरा तिवारी, आरती दुबे, माधुरी, सुनीता गंगवार, जानकी तिवारी, पूनम अग्रवाल, रेणुका चौधरी, प्रतिभा रघुवंशी, कविता मान आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

**देहरादून से अयोध्या और अमृतसर...**और कुमाऊं तीन और शहरों से सीध हवाई मार्ग से जुड़ जाएगा। इन तीनों फ्लाइट को एलाइंस एयर द्वारा संचालित किया जा रहा है। सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग ने बुधवार से शुरू होने जा रही उड़ानों का शेड्यूल और किराया तय कर लिया है। कहा, सरकार ने अयोध्या धाम जाने वाली फ्लाइट का किराया 7006 रुपये में बड़ी छूट देते हुए 20 मार्च तक 1999 रुपये तय किया है। इससे अयोध्या धाम और श्रीराम मंदिर के दर्शन करने वालों को समय के साथ प्रति टिकट पर 5,000 रुपये का आर्थिक लाभ मिलेगा, जबकि दून से अमृतसर, वाराणसी और पंतनगर की फ्लाइट का किराया उद्घाटन के दिन 6 और 7 मार्च को 1999 रुपये रहेगा। तिवारी ने बताया, अयोध्या के लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट उड़ान भरेगी। छूट सिर्फ 20 मार्च तक के शेड्यूल के किराये पर रहेगी। इसके बाद पूरा किराया लिया जाएगा, जबकि दून से पंतनगर का किराया 4,500 रुपये, पंतनगर से वाराणसी का किराया 6,400 रुपये तय किया गया है। दोनों जगह उद्घाटन उड़ान के बाद 23 मार्च से नियमित उड़ानें मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार से उड़ेंगी। इसके अलावा दून से अमृतसर के लिए हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान नियमित उड़ानें प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उड़ेंगी। यहां नियमित उड़ान का किराया 4,850 रुपये तय किया गया है। देहरादून से अयोध्या धाम के लिए तय शेड्यूल के दिन सुबह 9:40 बजे उड़ने वाली उड़ान 11:30 बजे अयोध्या पहुंचेगी, जबकि अयोध्या से तय शेड्यूल से अयोध्या से 12:15 बजे उड़ने वाली उड़ान 1:55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

**विभिन्न संगठनों ने सीएम...**ने सीएम से निर्माणाधीन वेंडिंग जोन में प्राथमिकता के आधार पर पुनर्वासित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में राजीव जोशी, केदार प्रसाद गुप्ता, चिरौंजी लाल गंगवार, असलम हुसैन, इस्लाम मियां, रनवीर सिंह, ललित मोहन, सीता राम, सुनील कुमार, सुरेन्द्र तनेजा, महेन्द्र सिंह, अशोक, अमरजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, अनिल कक्कड़ समेत अन्य लोग शामिल थे। इसके अलावा डायरट डीएलए प्रशिक्षण प्राप्त व टीईटी उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं ने भी सीएम को ज्ञापन सौंपकर आचार संहिता से पूर्व प्राथमिक शिक्षक सेवा नियमावली में संशोधन, प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती निकालने तथा नवीन शिक्षण सत्र से पूर्व ससमय भर्ती संपन्न कराने की मांग की। वहीं सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्र संघ की ओर से सीएम को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय में छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्राध्यापकों के नये पद सृजित करने, महाविद्यालय में हाईटैक शौचालय बनवाने, छात्र-छात्राओं के लिए फर्नीचर की व्यवस्था, करने महाविद्यालय मे सीसी मार्ग का निर्माण कराने, पुस्तकालय में लाइब्रेरी लिपिक की तैनाती करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष कमल चन्द्र जोशी, मनोज कुमार, शिवानी शर्मा, सचिन वर्मा, सुधांशु कश्यप, अनमोल त्रिपाठी, कैलाश चौधरी आदि शामिल थे।

## नैनीताल से एक जोड़ी घुरड़ और 15 फीजेंट दार्जलिंग जू में भेजे

नैनीताल। जीबी पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान नैनीताल की ओर से घुरड़ का जोड़ा और 15 फीजेंट दार्जिलिंग जू भेजे गए हैं। इसके एवज में दार्जिलिंग जू से मारखोर और अन्य पक्षियों को लाने के लिए चिड़ियाघर की टीम रवाना हो चुकी है। इसके बाद लंबे समय से एकांकी जीवन बिता रहे मारखोर को जल्द जोड़ीदार मिल जाएगी। अगले सप्ताह तक दार्जिलिंग से नए मेहमान नैनीताल स्थित चिड़ियाघर पहुंच जाएंगे।करीब दस वर्ष पहले दार्जिलिंग जू से मारखोर का एक जोड़ा नैनीताल चिड़ियाघर लाया गया था। कुछ समय बाद मादा मारखोर की मौत हो गई थी। तब से नर मारखोर अकेला है। जू प्रबंधन की ओर से लंबे समय से मादा मारखोर मंगाने की कवायद की जा रही थी जो जल्द पूरी होने वाली है। चिड़ियाघर के रेंजर प्रमोद तिवारी ने बताया कि दार्जिलिंग से एक मादा मारखोर, लेडी एमहर्स्ट और गोल्डन फीजेंट को नैनीताल लाया जाएगा। इसके बदले में सोमवार को नैनीताल स्थित चिड़ियाघर से घुरड़ का एक जोड़ा व 15 फीजेंट को दार्जलिंग स्थित पद्माजा नायडू हिमालय जूलॉजिकल पार्क भेजे गए हैं। इसमें चीर, कॉलीज, रेड जंगल फाउल व लेडी एमहर्स्ट शामिल हैं। बताया कि 17 प्राणियों को लेकर जू की टीम दार्जिलिंग चली गई है।

## अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने लखविन्दर सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह हाल निवासी पालनगर न0 2 शक्तिफार्म स्थायी निवासी ग्राम सिद्धा नवदिया नानकमत्ता को 44 पाऊच लगभग 25 लीटर कच्ची शराब के साथ सितारगंज स्टोन क्रेशर तिराहे से 10 कदम की दूरी पर पालनगर से गिरफ्तार कर लिया। सम्बंधित धाराओंमें आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम मे अपर उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा कॉस्टेबल भारत भूषण शामिल थे।



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'नियमों को दरकिनार' कर शहर में लगाई जा रही 'होर्डिंग'

## निर्दिष्ट स्थान की बजाय रूद्रपुर शहर के कई चौराहों पर मनमर्जी से लगाई जा रहे होर्डिंग

-अर्श-

रुद्रपुर। नगर निगम के होर्डिंग ठेकेदार द्वारा कायदे कानून को ताक पर रखकर जगह-जगह होर्डिंग लगाए जाना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। रुद्रपुर शहर नियम विरुद्ध एवं मनमानी पूर्ण तरीके से लगाए गए विज्ञापन होर्डिंग से पटा नजर आ रहा है ।देखा जा रहा है कि नगर निगम द्वारा शहर के भीतर विज्ञापन के लिए अधिकृत ठेकेदार द्वारा नगरीय क्षेत्र में विज्ञापन होर्डिंग लगने लगाने संबंधी सरकारी दिशा निर्देशों को बलाए-ताक रख, मनमर्जी से विज्ञापन के होर्डिंग लगाए जा रहे हैं ।आलम यह है कि ठेकेदार द्वारा विज्ञापन के होर्डिंग लगाने में ना तो नगर निगम द्वारा निर्धारित कुल विज्ञापन होर्डिंग संख्या की बाध्यता को ही अमल में लाया जा रहा है और ना ही निर्दिष्ट स्थान पर होर्डिंग बोर्ड ही लगाए जा रहे हैं। और तो और ,संबंधित ठेकेदार द्वारा होर्डिंग लगाने के लिए निर्धारित मजबूती संबंधी मानकों का भी पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा जा रहा है। जिसके चलते तेज हवा अथवा आंधी तूफान की स्थिति में होर्डिंग के गिरने और उसके चपेट में आकर किसी व्यक्ति के हताहत होने का खतरा हमेशा बना रहता है ।बताना होगा कि नगर निगम द्वारा संबंधित ठेकेदार को निगम क्षेत्र अंतर्गत केवल 81 होल्डिंग लगने की अनुमति ही दी गई है और यह होर्डिंग नगर निगम द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर ही लगाए जाने के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन देखा जा रहा है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा नगर निगम क्षेत्र में लगाई गई होर्डिंग, न केवल निर्धारित संख्या से अधिक है बल्कि इनमें से कई विज्ञापन होर्डिंग तो निगम द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर भी स्थित नही है। ज्ञात हो कि आजकल अकेले गांधी पार्क के आसपास ही बीसियो विज्ञापन होर्डिंग सहज ही देखी जा सकती है, जबकि इस क्षेत्र में इतनी संख्या में विज्ञापन होर्डिंग लगाने की अनुमति नगर निगम द्वारा कभी दी ही नहीं गई है। बात काशीपुर बायपास की करें, तो इस मार्ग पर गांधी पार्क से लेकर गैस गोदाम तक केवल पांच विज्ञापन होर्डिंग लगाए जाने की अनुमति है, लेकिन वास्तव में लगाई गई होर्डिंग की कुल संख्या कहीं अधिक है ।इतना ही नहीं ,अनेक स्थानों पर तो होर्डिंग लगने में निर्धारित ऊंचाई संबंधी बाध्यता की भी घोर अनदेखी की गई है ,साथ ही होर्डिंग लगने में तैयार किए जाने



वाला फाउंडेशन भी मानकों के अनुरूप नहीं तैयार किया जाता ।इसके अलावा संबंधित ठेकेदार द्वारा विज्ञापन होर्डिंग का नियम अनुसार मेंटेनेंस भी नहीं किया जाता। और कभी भी किसी जानलेवा दुर्घटना का सबब बन सकते हैं।








# कमरा नहीं देने पर पुलिस कर्मी ने होटल में काटा हंगामा

## देर रात्रि कांग्रेस नेता के होटल में हंगामे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, धमकाने और मोबाईल तोड़ने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड गावा चौक स्थित कांग्रेस नेता सौरभ चिलाना के होटल में मंगलवार रात एक पुलिस कर्मी ने हंगामा काटा जिससे होटल में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। आरोप है कि पुलिस कर्मी ने होटल कर्मी का मोबाइल तोड़ दिया और रजिस्टर भी छीन लिया। मामले में होटल स्वामी की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी है। होटल में पुलिस कर्मी द्वारा किये गये हंगामे की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कांग्रेस नेता सौरभ चिलाना के भाई शैलेन्द्र चिलाना ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गावा चौक स्थित उनके होटल चिलाना टावर में मंगलवार रात करीब 11.30 बजे एक पुलिस कर्मी





पहुंचा जो खुद को रम्पुरा पुलिस चौकी का इंचार्ज बता रहा था। पुलिस कर्मी ने धमकाते हुए स्टाफ से होटल में कमरे की डिमांड की। स्टाफ ने बताया कि होटल में किसी शादी की बुकिंग है जिस कारण एक भी कमरा खाली नहीं है। इतना सुनते ही पुलिस कर्मी तैश में आ गया और स्टाफ के साथ गाली गलौच और धमकाने हुए होटल बंद करवाने की धमकी देने लगा। आरोप है कि पुलिस कर्मी ने होटल स्टाफ का मोबाईल भी जबरन छीन कर तोड़ दिया और जबरन होटल के कमरे खुलवाने लगा, जिनमें महिलायें और बच्चे सो रहे थे। अचानक पुलिस कर्मी द्वारा कमरे खुलवाये जाने से होटल में रह रहे लोग दहशत में आ गये। पुलिस कर्मी ने होटल के एंट्री रजिस्टर को भी छीन कर जमीन पर फेंक दिया और स्टाफ एवं होटल मालिक को देख लेने धमकी देने लगा। बाद में उक्त पुलिस कर्मी स्टाफ का मोबाईल और एंट्री रजिस्टर अपने साथ लेकर चला गया। पूरा घटनाक्रम होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकार्ड हुआ है। इस बीच सूचना पर वहां आदर्श कालोनी चौकी से पुलिस कर्मी भी पहुंच गये। वीडियो में पुलिस कर्मी हंगामा कर रहे पुलिस कर्मी को समझाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया में हंगामें का वीडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस कर्मी की दबंगई को लेकर भी गभीर सवाल उठाये जा रहे है।


